राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–213/2023

राज्यपाल से बिहार के जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के नवनिवार्चित अध्यक्षों के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 30 जुलाई 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से बिस्कोमान (बिहार एवं झारखंड) के अध्यक्ष एवं माननीय विधान पार्षद डॉ० सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहार के सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के नवनिवार्चित अध्यक्षों एवं अन्य लोगों के एक शिष्टमंडल ने राजभवन आकर शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने शिष्टमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता का हर क्षेत्र में होना आवश्यक है। उन्होंने को–ऑपरेटिव की ओर से कृषि क्षेत्र में मत्स्यपालन को जोड़ने एवं इसके लिए मार्केटिंग प्लेटफॉर्म बनाने को कहा। राज्यपाल ने निबंधित संस्थानों एवं क्रेडिट सोसाइटी की संख्या, पैक्सों का ऑडिट आदि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शिष्टमंडल के सदस्यों से आमजन का विश्वास बनाए रखने को कहा।

शिष्टमंडल ने बिहार में पैक्सों के कतिपय समस्याओं के बारे में राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा।

....